Sixteenth Loksabha

an>

title: Need to expedite construction and conversion of Sherghati- Imamganj-Salaiya state highway in Bihar and Tarhansi-Daltonganj state highway in Jharkhand into National Highways.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): केन्द्र सरकार के द्वारा शेरघाटी-इमामगंज-कोठी-सलैया (बिहार) में तरहंसी डाल्टेनगंज (झारखंड) पथ को एन.एच.-2, एन.एच-75 तक जोड़ने और इसे राष्ट्रीय राजमार्ग पथ में शामिल करने और पिछड़े क्षेत्रों विशेषकर वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने और प्रशासनिक नियंत्रण की दृष्टि से यह फैसला अत्यंत लाभकारी है। यह सड़क शेरघाटी से बांके बाजार, इमामगंज, कोठी, सलैया, मनातु और तरहंसी होते हुए पांकी मोड़ से एन.एच.-75 से जुड़ती है। सड़क मार्ग का अधिकांश भाग वामपंथी, उग्रवाद से प्रभावित है। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से बिहार के औरंगाबाद, गया और झारखंड के कोडरमा एवं पलामू आदि संसदीय क्षेत्र की जनता को सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक लाभ होगा।

इस सड़क को राष्ट्रीय मार्ग में शामिल करने का फैसला काफी समय पूर्व लिया गया है, परन्तु अभी तक इस मार्ग को सर्वेक्षण, प्राक्कलन और निर्माण कार्य की शुरुआत भी नहीं हुई है।

केन्द्र सरकार के द्वारा इस पथ को राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत शामिल करने के फैसले के इस क्षेत्र की जनता में इस प्रगतिशील सरकार से काफी आशाएं एवं विश्वास बढ़ी है।

जनहित में मेरा आग्रह है कि उपर्युक्त नामित सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने के पश्चात इस मार्ग का क्रमशः सर्वेक्षण प्राक्कलन एवं निर्माण कार्य सम्पन्न कराने हेतु सक्षम अधिकारी को शीघ्रातिशीघ्र निर्देश जारी करने की कृपा की जाए ताकि बिहार एवं झारखंड राज्य के पिछड़े जिले का सम्यक विकास सुनिश्चित किया जा सके।